## हिंदी तकनीकी संगोष्ठी - 2023

भौतिक अनुसंधान प्रयोगशाला में **"संधारणीय विकास के लिए वैज्ञानिक और तकनीकी नवीनता Scientific and Technical Innovations for Sustainable Development"** विषय पर 16 अगस्त 2023 को एक दिवसीय हिंदी तकनीकी संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस संगोष्ठी के मुख्य विषय के अंतर्गत वैज्ञानिकों की सुविधा के लिए उप-विषय भी रखे गए थे जो निम्नानुसार हैं:

A. प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण - दुर्लभता से संधारणीयता तक

Conservation of Natural Resources - From Scarcity to Sustainability

B. जलवायु परिवर्तन - पृथ्वी के तापमान में परिवर्तन से लेकर चरम मौसमी घटनाओं तक

Climate Change - From changing Earth's Temperature to Extreme Events

C. क्वांटम प्रौद्योगिकी - वैज्ञानिक नवीनता से संधारणीय संचार तक

Quantum Technology - From Science Innovation to Sustainable Communication

D. भावी दिशानिर्देश - संधारणीय प्रबंधन से समुत्थानशील विकास तक

Future Roadmap - From Sustainable Management to Resilient Growth

E. मुख्य विषय से संबंधित कोई अन्य विषय

Any other topic relevant to the main theme

इस तकनीकी संगोष्ठी में राष्ट्रीय डिजाइन संस्थान के निदेशक, प्रो. प्रवीण नाहर मुख्य अतिथि के रूप में पधारे थे। अन्य उपस्थित गणनान्यों में अंतरिक्ष उपयोग केंद्र के नियंत्रक, श्री विवेक जैन उपस्थित थे। कुल तीन सत्र थे। दो मौखिक प्रस्तुति सत्र एवं एक पोस्टर सत्र।

कुल मिलाकर 49 प्रस्तुतियां थीं। मौखिक प्रस्तुति 20 थे एवं पोस्टर 29 थे।

इस हिंदी तकनीकी संगोष्ठी में वैज्ञानिक एवं तकनीकी क्षेत्रों के सदस्यों ने अपने-अपने मौलिक लेख हिंदी में प्रस्तुत किए। इससे विज्ञान के क्षेत्र में भी राजभाषा का प्रसार सुदृढ़ हुआ, एवं साधारण लोगों को भी सरल, सहज भाषा में विज्ञान को समझने का मौका प्राप्त हुआ। इस तरह के लेखों से स्कूली बच्चों को बहुत ही लाभ होगा। प्रतिभागीगणों के सर्वोत्तम प्रयास द्वारा यह संगोष्ठी और रोचक एवं समृद्ध हुई।

विभिन्न कार्यालयों से आए हुए आमंत्रित गण एवं प्रतिभागियों ने समग्र आयोजन एवं व्यवस्था की प्रशंसा की।



*ग्रुप फोटो: हिंदी तकनीकी संगोष्ठी-2023*